<u>प्रारुप–11</u>

वन भूमि की मांग का औचित्य

परियोजना का नाम :– **मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा सं0–76/2017 विकास खण्ड–हिन्डोलाखाल में मिनी स्टेडियम (चन्द्रबदनी खेल मैदान) के निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

जनपद टिहरी गढवाल के अन्तर्गत विकास खण्ड–हिण्डोलाखाल में मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषण सं00–76/2017 के अनुपालन उत्तराखण्ड राज्य एवं जनपद टिहरी गढवाल में उभरती हुई नई प्रतिभाओं एवं स्थानीय निवासियों में खेलों के प्रति जागरूक व उत्साह बनाये रखने के उद्देश्य से प्रश्नगत क्षेत्र में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। मिनी स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र में विकास की गति बढने के साथ–साथ स्थानीय जन–मानस में खेलों के प्रति जागरूकता बढेगी व नई–नई प्रतिभायें उभर कर सामने आयेंगी। प्रश्नगत क्षेत्र देवप्रयाग तीर्थ स्थल से लगभग 15 कि0मी0 की दूरी पर स्थित है। भविष्य में यात्रा सीजन में देवप्रयाग को दर्शन हेतु आने–जाने वाले यात्री भी उक्त क्षेत्र में आकर मिनी स्टेडियम का भ्रमण करने की भी सम्भावना है जिससे इस क्षेत्र के विकास पर भी काफी सकारात्मक प्रभाव पडेगा।

विकास खण्ड–हिण्डोलाखाल में प्रस्तावित इस मिनी स्टेडियम से क्षेत्र के आम जनता को तो लाभ है ही साथ ही साथ उत्तराखण्ड के अन्य जनपदों को भी इसका सकारात्मक प्रणाम मिलेगा। उत्तराखण्ड एक विषम भौगोलिक परिस्थिति रखने के साथ–साथ नौसर्गिक सौन्दर्य तथा तीर्थ स्थलों के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। विगत वर्षो में उत्तराखण्ड से राष्ट्रीय स्तर हेतु भी कई खेलों में प्रतिभायें चुनी गई हैं जिन्हों अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी खेला व उत्तराखण्ड का नाम रोशन किया है। इन सभी बातों को मध्यनजर रखते हुए मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तराखण्ड शासन के द्वारा जनपद टिहरी गढवाल के विकास खण्ड–हिण्डोलाखाल में एक मिनी स्टेडियम का निर्माण यहां कि नई–नई प्रतिभावों को निखारने के उद्देश्य से घोषणा की है जिसके फलस्वरूप उक्त क्षेत्र को चिन्हित कर मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

जिला युवा कल्याण
एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी,
टिहरी गढ़वाल

जिला युवा कल्याण एवं
प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी
टिहरी गढवाल